पत्र संख्या : 09 / नामांकन / 02–05 / 2017......381(9)......

**झारखण्ड सरकार**

**स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग।**

प्रेषक,

**अजय कुमार सिंह,**
सरकार के अवर सचिव।

सेवा में,

**परीक्षा नियंत्रक,**
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद,
नामकुम, राँची।

राँची, दिनांक : 13.10.2025

विषय : **राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में NEET(UG)-2025 परीक्षाफल के आधार पर शैक्षणिक सत्र–2025–26 के लिए एम०बी०बी०एस० पाठ्यक्रम में नामांकन के संबंध में।**

प्रसंग :– विभागीय पत्रांक–273(9) दि०–08.07.2025 एवं पत्रांक–351(9) दि०–11.09.2025

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र द्वारा NEET(UG)-2025 परीक्षाफल के आधार पर शैक्षणिक सत्र–2025–26 के लिए एम०बी०बी०एस० पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु संस्थानवार वर्गीकृत सीटों की विवरणी भेजी गयी थी (प्रति संलग्न)।

उक्त के क्रम में सूचित करना है कि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण की Counselling में वर्गीकृत सीटो के विभाजन के आधार पर की जायेगी।

**2.** Mop-up-Round की Counselling हेतु प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण की Counselling के उपरांत शेष बचे हुए सीटों (राज्य कोटा के सीटों को छोड़कर) को अखिल भारतीय सीट मानते हुए ऑल इंडिया मेरिट लिस्ट में चयनित छात्र/छात्राओं से Online माध्यम से भरा जायेगा।

**3.** Mop-up-Round की Counselling एवं नामांकन के अंतिम तिथि के बीच कम से कम एक सप्ताह का अंतर रखा जाय।

**4.** Mop-up-Round की Counselling के उपरांत शेष बचे हुए सीटों की संख्या की सूचना झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद के द्वारा विभाग एवं संबंधित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय को दी जायेगी तथा झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता पर्षद के द्वारा उन बचे सीटों का पुनः Special Round की Counselling, All India Merit List के आधार पर की जायेगी, जिसके लिए झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद के द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर Online के माध्यम से All India Merit List के आधार पर आवेदन प्राप्त की जायेगी एवं Merit List बनाकर संबंधित महाविद्यालय/विश्वविद्यालय को नामांकन हेतु भेजी जायेगी।

**5.** उक्त प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

13.10.25.

**(अजय कुमार सिंह)**
सरकार के अवर सचिव।